## एक नजर में

### जिला स्तरीय सूर्य उपासना कार्यक्रम आज

**बैतूल।** विक्रमोत्सव 2026 के अंतर्गत 19 मार्च को शासकीय जयवंती हॉक्सर महाविद्यालय बैतूल में जिला स्तरीय सूर्य उपासना कार्यक्रम प्रातः 10 बजे से आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उईके उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान संस्कृति विभाग के अंतर्गत मध्यप्रदेश नाट्य विद्यालय भोपाल के कलाकारों द्वारा सम्राट विक्रमादित्य नाट्य का भव्य मंचन भी किया जाएगा। इस अवसर पर कार्यक्रम स्थल सहित जिले के प्रमुख मंदिरों एवं धार्मिक स्थलों पर ब्रम्हध्वज स्थापित किये जाएंगे। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक, विद्यार्थी एवं युवा सहभागिता करेंगे। कलेक्टर बैतूल नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं।

### अग्निवीर भर्ती 2027 के लिए आवेदन शुरू

**बैतूल।** भारतीय सेना ने अग्निपथ योजना के अंतर्गत भर्ती वर्ष 2027 के लिए अग्निवीर पदों पर चयन प्रक्रिया शुरू है। इसके लिए अविवाहित पुरुष अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक उम्मीदवार निर्धारित तिथि के भीतर आवेदन कर सकते हैं। जारी सूचना के अनुसार ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया 13 फरवरी 2026 से शुरू है, जो 01 अप्रैल 2026 तक चलेगी। अभ्यर्थियों को आवेदन करने के लिए सेना की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर पंजीकरण करना होगा। तिथियों में किसी भी प्रकार का बदलाव वेबसाइट के माध्यम से ही सूचित किया जाएगा। भर्ती प्रक्रिया के तहत ऑनलाइन परीक्षा का आयोजन 1 जून से 15 जून के बीच संभावित रूप से किया जाएगा। हालांकि परीक्षा की अंतिम तिथियों की आधिकारिक घोषणा बाद में की जाएगी। इस भर्ती में मध्यप्रदेश के अशोकनगर, बैतूल, भोपाल, छिंदवाड़ा, दमोह, गुना, हरदा, नर्मदापुरम, नरसिंहपुर, पांढुर्ना, पन्ना, रायसेन, राजगढ़, सीहोर एवं विदिशा जिलों के स्थायी निवासी अभ्यर्थी आवेदन कर सकेंगे।

### अवैध परिवहन में संलिप्त 2 वाहनों को किया जप्त

**बैतूल।** कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी के निर्देशानुसार जिले में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत खनिज विभाग द्वारा 18 मार्च को खनिज अमले के साथ जिले के विभिन्न क्षेत्रों में सघन दौरा कर आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान खनिज विभाग द्वारा तहसील आमला क्षेत्रांतर्गत ग्राम डहुआ मुलताई के समीप से खनिज गिट्टी के बिना रॉयल्टी के परिवहन में संलिप्त 01 डम्पर क्रमांक एमपी 48 एच 1625 को जप्त कर पुलिस चौकी दुनावा मुलताई की अभिरक्षा में खड़ा करवाया गया है। वहीं आमला क्षेत्रांतर्गत ग्राम नरेश बोरदेही रोड आमला से खनिज गिट्टी के ओवरलोड परिवहन में संलिप्त 1 डम्पर क्रमांक एमपी 48 जेडई 5561 को जप्त कर पुलिस थाना आमला की अभिरक्षा में खड़ा करवाया गया है। सभी अवैध परिवहनकर्ताओं के विरुद्ध मध्यप्रदेश खनिज अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण नियम 2022 के प्रावधानों के तहत कार्यवाही कर प्रकरणों को न्यायालय अपर कलेक्टर बैतूल में प्रस्तुत किया जा रहा है।

# 2 वर्ष पूर्व हुए अंधेकत्ल का पुलिस ने किया खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

बैतूल/मुलताई, 18 मार्च. **मुलताई पुलिस ने वर्ष 2024 में नवोदय विद्यालय पट्टन रोड पर मिले अज्ञात महिला के शव के अंधे कत्ल का खुलासा करते हुए 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।**

**वाहन आते देख शव छोड़कर भाग गया था आरोपी**

**संदिग्धों से पूछताछ के बाद हुआ मामले का खुलासा**



पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 22 अक्टूबर 2024 को एजाज पिता शरीफ अंसारी (40) निवासी प्रभातपट्टन ने सूचना दी गई कि नवोदय विद्यालय रोड किनारे एक अज्ञात महिला का शव पड़ा है। सूचना पर चौकी प्रभारी पट्टन एवं मुलताई पुलिस मौके पर पहुंची एवं निरीक्षण किया गया। मृतिका की उम्र लगभग 62 वर्ष पाई गई, जिसके शरीर पर गंभीर चोटों के निशान एवं गले पर लिगेचर मार्क पाए गए। प्रथम दृष्टया मामला हत्या का पाए जाने पर थाना मुलताई में धारा 103(1), 238 बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई। जांच के दौरान मृतिका की पहचान सरूबाई बोहरपी निवासी ग्राम देवगांव थाना मुलताई के रूप में हुई। पुलिस टीम द्वारा तकनीकी साक्ष्य एकत्रित किए गए एवं संदिग्ध व्यक्तियों से लगातार पूछताछ की गई। संदेही सुनील बोहरपी से पूछताछ करने पर उसने अपराध स्वीकार किया तथा अपने साथी अविनाश गाठे का नाम बताया। दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार किया गया।

**आरोपी ने रस्सी से गला घोंटकर कर दी हत्या :** आरोपी ने रस्सी से गला घोंटकर महिला की हत्या कर दी। घटना छिपाने के उद्देश्य से आरोपी ने अपने नौकर/सहयोगी अविनाश गाठे को बुलाया। दोनों ने शव को काले रंग की चादर में लपेटकर मोटरसाइकिल से जंगल में ठिकाने लगाने के लिए ले जाना शुरू किया। रास्ते में वाहन की रोशनी देखकर अविनाश डरकर मोटरसाइकिल से कूदकर भाग गया, जिससे शव सड़क पर गिर गया। आरोपी ने शव को रस्सी से बांधकर मोटरसाइकिल से घसीटते हुए ले जाने का प्रयास किया। सामने से वाहन आते देख आरोपी ने शव को नवोदय विद्यालय रोड किनारे छोड़ दिया और मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना के बाद पुलिस ने मामले की विवेचना उपरांत आरोपियों को गिरफ्तार किया।

### भोजन के लिए बुलाने पर हुआ था विवाद

वर्ष 2024 में आरोपी सुनील बोहरपी ने ग्राम देवगांव में एक मकान खरीदा था, जिसमें पैसों के लेन-देन को लेकर विवाद चल रहा था। उसी क्षेत्र में मृतिका सरूबाई बोहरपी रहने लगी थी, जिससे आरोपी का पूर्व से विवाद था। 21 अक्टूबर 2024 को आरोपी के घर में पारिवारिक कार्यक्रम (तीसरा) आयोजित था, जिसमें गांव के लोग आमंत्रित थे। आरोपी की मां द्वारा सरूबाई को भोजन के लिए बुलाने पर वह विवाद करने लगी। इस पर आरोपी स्वयं सरूबाई को बुलाने गया, जहां दोनों के बीच विवाद बढ़ गया। विवाद के दौरान सरूबाई द्वारा आरोपी का कॉलर पकड़ने पर आरोपी ने गुस्से में उसे जोर से धक्का दिया। धक्का लगने से सरूबाई का सिर दीवार से टकराया और वह बेहोश होकर गिर गई।

### आरोपी गिरफ्तार, घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल जब्त

पुलिस ने हत्या के आरोपी सुनील बोहरपी पिता जगन्नाथ बोहरपी (38) निवासी ग्राम देवगांव थाना मुलताई और अविनाश गाठे पिता धनराज गाठे (28) निवासी ग्राम देवगांव थाना मुलताई को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल क्रमांक जेजी 05 6058 सहित अन्य साक्ष्य सामग्री जब्त की है। इस कार्रवाई मे एसडीओपी एसके सिंह, थाना प्रभारी मुलताई निरीक्षक नरेन्द्र सिंह परिहार, निरीक्षक आबिद अंसारी सीन ऑफ क्राइम एक्सपर्ट, उपनिरीक्षक दिनेश कुमरे, सहायक उपनिरीक्षक हुकुमचंद बिल्लोरे, प्रधान आरक्षक सुशील धुर्वे, आरक्षक विशाल चौरसिया, कमलेश डेहरिया, लक्ष्मीचंद, डुमलेश्वर, गोपाल पवार का विशेष योगदान रहा।

## आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

**बैतूल/शाहपुर।** शाहपुर पुलिस ने आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने वाले आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। 18 मार्च को पुलिस ने धारा 194 बीएनएसएस की डायरी प्राप्त होने पर मर्ग जांच प्रारंभ की। जांच के दौरान मृतक देवेश वर्मा उर्फ गौतम पिता नर्मदाप्रसाद वर्मा (22) निवासी ग्राम सोहागपुर ढाना थाना शाहपुर के पिता से पूछताछ की गई। उनके कथन अनुसार ग्राम के ही साहिल वर्मा एवं उसके साथी हिमांशु वर्मा, सिद्धार्थ रजने तथा निशांत उर्फ अन्नू सिनोटिया द्वारा पिछले लगभग 3 माह से मृतक को एक लड़की से बातचीत करने की बात को लेकर लगातार शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था। 12 मार्च को ग्राम जामपानी में आयोजित एक बारात के दौरान भी उक्त आरोपियों द्वारा मृतक के साथ हाथ-मुक्कों से मारपीट कर उसे अपमानित एवं प्रताड़ित किया गया। घटना से आहत होकर मृतक देवेश वर्मा ने घर लौटकर अपने ऊपर डीजल डालकर आग लगा ली। परिजनों ने तत्काल उपचार के लिए शाहपुर अस्पताल, तत्पश्चात जिला चिकित्सालय बैतूल एवं बाद में हमीदिया अस्पताल भोपाल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान 16 मार्च को उसकी मृत्यु हो गई। मर्ग जांच के आधार पर पाया गया कि आरोपियों द्वारा की गई लगातार शारीरिक एवं मानसिक प्रताड़ना के कारण मृतक ने आत्महत्या की । इस पर आरोपियों के विरुद्ध धारा 108 बीएनएस के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस ने इस मामले में आरोपी साहिल वर्मा पिता पवन वर्मा, उम्र 20 वर्ष, निवासी सोहागपुर ढाना थाना शाहपुर, हिमांशु वर्मा पिता परशुराम वर्मा, उम्र 20 वर्ष, निवासी ग्राम कुही थाना रानीपुर, निशांत उर्फ अन्नू सिनोटिया पिता निधिश सिनोटिया, उम्र 24 वर्ष, निवासी सोहागपुर ढाना थाना शाहपुर को गिरफ्तार कर लिया है, वहीं एक अन्य आरोपी सिद्धार्थ की गिरफ्तारी के लिए प्रयास जारी है। तीनों आरोपियों को 18 मार्च को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। बता दे कि इस मामले को लेकर मंगलवार शाम आक्रोशित परिजनों ने पुलिस पर कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाते हुए शव रखकर शाहपुर थाने का घेराव कर दिया है। परिजन दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग पर अड़े हुए थे। जिसके बाद एएसपी ने दोषी पाए जाने पर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की बात कही थी।

## आज से शुरू होगा जल गंगा संवर्धन अभियान

**बैतूल। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव द्वारा प्रदेश में जल संसाधनों का संरक्षण और पुनर्निर्माण के उद्देश्य से 19 मार्च 2026 से जल गंगा संवर्धन अभियान प्रारंभ किया जाएगा, जो आगामी 30 जून 2026 तक संचालित होगा।**

बैतूल जिले में आज 19 मार्च 2026 से जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ किया जाएगा। इसके अलावा जिले के प्रत्येक नगरीय निकाय एवं प्रत्येक ग्राम पंचायत में जन समुदाय के सहयोग से आगामी 30 जून तक जल संरक्षण के कार्य किए जाएंगे। जिले के प्रभारी मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल के नेतृत्व में चलने वाले जल गंगा संवर्धन अभियान का प्रमुख उद्देश्य जनभागीदारी से जल संरक्षण और संवर्धन सुनिश्चित करना है। जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत समाज की भागीदारी और विभिन्न सहभागी विभागों की समेकित पहल से मुख्यत: जन जागरूकता, नवीन जल संग्रहण संरचनाओं के निर्माण, भूजल संवर्धन, पूर्व से मौजूद जल संग्रहण संरचनाओं की साफ-सफाई व मरम्मत, नवीनीकरण, जल गुणवत्ता परीक्षण, जल स्त्रोतों में प्रदूषण के स्तर को कम करने, जल स्त्रोतों तथा जल वितरण प्रणालियों की साफ-सफाई, राजस्व रिकार्ड में जल संग्रहण संरचनाओं व नहरों को अंकित करने और मानसून में किये जाने वाले पौधारोपण के लिए आवश्यक तैयारियां की जाएगी। कलेक्टर व अभियान के नोडल अधिकारी नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने सभी विभागीय अधिकारियों को जल गंगा संवर्धन अभियान के सुचारू संचालन के दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने निर्देश दिए कि जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत 19 मार्च से जिले के सभी नगरीय निकायों और सभी ग्राम पंचायत में जल संरक्षण और संवर्धन के कार्य प्रारंभ किया जाए।

## दुकान नीलामी निरस्त करने की मांग, सौंपा ज्ञापन

**भौंरा।** ग्राम पंचायत भौंरा द्वारा नीलाम की गई पक्की दुकानों की नीलामी में रिंग बनाकर ग्राम पंचायत को आर्थिक नुकसान करने की बात सामने आने पर पूर्व जनपद सदस्य कुसुम लता साहू ने बुधवार के दिन ग्रामपंचायत कार्यालय में भौंरा सरपंच मीरा धुर्वे को एक ज्ञापन सोपकर नीलाम की गईं, सभी 7 दुकानों की नीलामी निरस्त करने की मांग की है। उल्लेखनीय है की पिछले सप्ताह ग्रामपंचायत भौंरा ने बाजार में बनाई गईं 9 दुकानों में से दुकान नंबर 4 एवं 8 को छोड़कर 7 दुकानों की नीलामी की थी। दुकान नीलामी के बाद नगर में यह चर्चा चल पड़ी की सभी 7 दुकानों की नीलामी रिंग बनाकर की गईं जिसकी वजह से ग्रामपंचायत को बड़े पैमाने पर आर्थिक नुकसान हुआ है। ग्राम पंचायत के पंचो ने भी इस मामले को नहीं उठाया तो अखबार में छपी खबर को संज्ञान में लेकर जनपद पंचायत शाहपुर की पूर्व सदस्य कुसुमलता साहू ने बुधवार के दिन ग्रामपंचायत कार्यालय भौंरा में सरपंच मीरा धुर्वे को एक ज्ञापन सोपकर ग्रामपंचायत द्वारा नीलाम की गईं सभी 7 दुकानों की नीलामी निरस्त कर नए सिरे से पूर्ण पारदर्शिता के साथ सभी 9 दुकानों की नीलामी करने की मांग की है।

## कांग्रेस ने प्रति मंगलवार प्रारंभ किया सुंदरकांड पाठ

**मुलताई।** ब्लाक कांग्रेस कमेटी मुलताई द्वारा प्रति मंगलवार नगर में सुंदर काण्ड पाठ का आयोजन किया जा रहा है,इसी तारतम्य में बीते कल रात्रि 7 बजे ताप्ती तट स्थित प्राचीन गणेश मंदिर में पूर्व मंत्री एवं उपाध्यक्ष म.प्र. कांग्रेस कमेटी संगठन सुखदेव पांसे की उपस्थिति में ब्लाक कांग्रेस द्वारा सुंदर काण्ड पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें सुखदेव पांसे, कांग्रेस कार्यकर्ता, पदाधिकारी एवं नागरिकों द्वारा क्षेत्र की खुशहाल की कामना की गई। इस अवसर पर पूर्व ब्लाक अध्यक्ष किशोर सिंह परिहार, ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अरूण यादव, न.पा. उपाध्यक्ष शिवकुमार



माहोरे, प्रहलाद सिंह परमार, नितेश साहू, सुमित शिवहरे, आशीष जैन, महेश नायक, मनोज साबले, जीवन डोंगरदिये, पिंटू ठाकरे, यशवंत बोडखे, विनोद बेले, गणेश प्रसाद वर्मा, दिनेश कवडकर, कपिल खण्डेलवाल, पंकज यादव, लोकेश यादव, राजेश साहू, भूवन साहू, रितेश शर्मा, चिंटू राउत, पवन कोडले, महावीर पवार, जगदीश बोडखे, कृष्णा यादव, गुड्डु पवार, राहुल उईके, गोलू पंवार, सुखदेव नरवरे, देवेन्द्र शर्मा सहित सैक ?ं कांग्रेसी कार्यकर्ता एवं नागरिक उपस्थित थे।

## भौंरा-बीजादेही सेक्टर की प्रस्फुटन समितियों का प्रशिक्षण संपन्न

**भौंरा।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में विकासखंड शाहपुर अंतर्गत भौरा एवं बीजादेही सेक्टर की प्रस्फुटन समितियों का ग्राम विकास विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष शाहपुर शिवशंकर मवासे एवं संभाग समन्वयक कौसलेश तिवारी उपस्थित रहे। कौसलेश तिवारी ने अपने उद्बोधन में आदर्श ग्राम की अवधारणा पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि योजनाबद्ध एवं सामुदायिक प्रयासों से ही गांवों को आदर्श बनाया जा सकता है। जनपद पंचायत अध्यक्ष शिवशंकर मवासे ने ग्राम विकास के लिए जनभागीदारी को आवश्यक बताते हुए प्लास्टिक मुक्त ग्राम एवं जल संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर समिति सदस्यों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि समितियों के माध्यम से गांवों में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है। ब्लॉक समन्वयक मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद शाहपुर संतोष सिंह राजपूत ने परिषद की संकल्पना एवं ग्राम विकास की कार्यप्रणाली पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने समुदाय आधारित विकास मॉडल को सशक्त बनाने पर जोर दिया। सीएम इंटर्न गणेश हनोते ने युवाओं की भूमिका एवं नवाचार के महत्व पर अपने विचार रखे।

## तीन महीने में ही जवाब दे गई दीवार, उठे सवाल

**आमला।** ग्राम देवठान में स्कूल परिसर में हाल ही में निर्मित बाउंड्रीवाल में दरारें आने से निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। लगभग तीन माह पूर्व प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना के तहत करीब 10 लाख रुपये की लागत से इस बाउंड्रीवाल का निर्माण किया गया था, लेकिन इतने कम समय में ही दीवार में तिड़कन आना भ्रष्टाचार और लापरवाही की ओर इशारा कर रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, नवनिर्मित बाउंड्रीवाल में कई जगह दरारें साफ दिखाई दे रही हैं। वहीं, स्कूल परिसर से लगी आंगनवाड़ी भवन की दीवारों में इससे भी बड़ी



दरारें देखने को मिल रही हैं, जिससे बच्चों की सुरक्षा पर भी खतरा मंडराने लगा है। इस मामले में संबंधित इंजीनियर अमित को सूचना दी गई तो उनका कहना है कि निर्माण कार्य की मरम्मत कराई जाएगी। हालांकि, सवाल यह उठता है कि जब नया निर्माण ही कुछ महीनों में खराब हो रहा है, तो केवल मरम्मत से क्या भ्रष्टाचार पर पर्दा डाला जा सकता है। ग्रामीण विजय, सुधाकर और पार्वती बाई ने बताया कि निर्माण कार्य के दौरान ही सामग्री की गुणवत्ता पर कई बार सवाल उठाए गए थे। उन्होंने बताया कि उन्होंने सचिव और सरपंच को इस बारे में अवगत कराया था, लेकिन उनकी शिकायतों को नजरअंदाज कर दिया गया। परिणामस्वरूप, तीन माह के भीतर ही दीवार में दरारें आनी शुरू हो गईं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि अभी से यह स्थिति है, तो भविष्य में दीवार के गिरने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

## औद्योगिक इकाइयों में सुरक्षा को दी जाती है प्राथमिकता : लिल्होरे

**सारनी।** नई इकाई की संरचना के दौरान ऊँचाई पर कार्य करने पर सुरक्षा एवं कार्य कुशलता को बढ़ाने की दिशा में वर्टिगो स्ट्रेक्कर कारगर साबित होगा। सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी सुरक्षा में आज एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में वर्टिगो स्ट्रक्कर का उद्घाटन मुख्य अभियंता सुशील कुमार लिल्होरे द्वारा किया गया। इस अवसर पर अति मुख्य अभियंता राजीव गुप्ता, अति मुख्य अभियंता (ईंधन प्रबंधन) मनीष शर्मा, अधीक्षण अभियंता (संधारण) डी.पी. मिश्रा, अधीक्षणअभियंता (ई.टी. एंड आई.) यशवंत वराठे, अधीक्षण अभियंता (कंस्ट्रक्शन) उल्लास




देशमुख, अभय गुमाश्ता, संजय जोशी, मुख्य संरक्षा अधिकारी अमित बंसोड़ सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। मुख्य अभियंता सुशील कुमार लील्होरे ने उद्घाटन के दौरान अपने संबोधन में कहा कि वर्टिगो स्ट्रक्कर का निर्माण कर्मचारियों में ऊँचाई पर कार्य करने से संबंधित सुरक्षा उपायों के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में औद्योगिक इकाइयों में सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा इस प्रकार की संरचनाएँ दुर्घटनाओं में कमी लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने इस कार्य में संलग्न सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सराहना करते हुए भविष्य में भी नवाचार एवं सुरक्षा उन्मुख गतिविधियों को बढ़ावा देने पर बल दिया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए इस संरचना के तकनीकी, प्रशिक्षणात्मक एवं सुरक्षा संबंधी महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह वर्टिगो स्ट्रक्कर कर्मचारियों को ऊँचाई पर कार्य करते समय संभावित जोखिमों को समझने एवं उनसे बचाव के उपायों का व्यावहारिक अनुभव प्रदान करेगा।

**कार्रवाई** | **स्वास्थ्य विभाग द्वारा सील किया क्लीनिक खोलकर झोलाछाप फिर कर रहा था डॉक्टरी**

## कलेक्टर के हस्तक्षेप के चलते पुन : सीएमएचओ ने दिए एफआईआर के निर्देश

**मुलताई।** क्षेत्र में लगातार फर्जी मुन्ना भाई एमबीबीएस डॉक्टरों की संख्या बढ रही है। इन छोलाछाप डाक्टरों की हिम्मत इतनी बढ गई है कि एक बार विभाग द्वारा दवाखाना सील करने के बाद भी डॉक्टर बिना किसी डर के अपना अवैध दवाखाना खोलकर बैठ जाते है। इन डॉक्टरों द्वारा अपने लालच के चलते बीमार मरीजों की सेहत से खिलवाड किया जा रहा है। ऐसा ही एक मामला प्रकाश में आया है ग्राम साईखेडा में एक व्यक्ति गव्हाडे हेल्थ केयर नामक दवाखाना चलाता है दवाखाने में इलाज करने वाले मरीज को अपना नाम करण गव्हाडे बताता है और यह बताता है कि उसके पास किसी विश्वविघालय से जारी ड्रेसर की



उपाधि है जिसके चलते वह लोगों का इलाज कर रहा है। जिसके संबध में बीते 28 दिसम्बर को समाचार पत्र में समाचार प्राथमिकता से प्रकाशित किया था। जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग ने उक्त फर्जी क्लिनिक सील कर दिया गया था। जिसके बाद बिना किसी अनुमति के फर्जी डाक्टर करण गव्हाडे द्वारा 3 जनवरी को अपनी मर्जी से अपना क्लिनिक खोल कर मरीजों का इलाज करना चालु कर दिया गया जिसके तुरंत बाद बीएमओं गजेन्द्र मीणा को द्वारा मौके पर पहुचकर उक्त फर्जी क्लिनिक बंद कराया गया था। इस संबध में तत्कालीन प्रभारी सीएमएचओ डॉक्टर जगदीश घोरे ने उक्त व्यक्ति पर एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए गए थे। मामले में करीब 3 माह बीत जाने के बाद भी उक्त फर्जी डॉक्टर पर किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नही की गई है। बुधवार को दवाखाना खोलकर मरीजों का इलाज कर रहा था। जिसकी सूचना कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सुर्यवंशी की दी गई। सीएमएचओं डाक्टर हुरमाडे से जानकारी लेकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए है। डॉ. हुरमाडे ने बताया कि संबधित के विरूद्व एफआईआर के निर्देश दिये है।

### परिवार के अन्य सदस्य भी इस अवैध धंधे में लिप्त

मुन्ना भाई डॉक्टर करण गव्हाडे का भाई मोहित गव्हाडे भी इसी प्रकार का धंधा करता है उसके द्वारा ग्राम जम्बाडा में अपना अवैध व्यवसाय किया जा रहा है जिसके संबंध में समाचार पत्रो में कई बार समाचार प्रकाशित हो चुके है लेकिन उसके बाद भी कार्रवाई नही की गई है। जिले में स्वास्थ्य विभाग के संरक्षण में जमकर हो रहा है अवैध व्यवसाय जिले भर में स्वास्थ्य विभाग के लचर व्यवस्था एवं संरक्षण के चलते जिलें भर में हजारों मुन्ना भाई अपना व्यवसाय चला रहे है। जिनके पास कोई डिग्री या कोई उपाधि नही है जिसके आधार पर वह लोग यह व्यवसाय कर पाए वही इनके द्वारा जिला स्वास्थ्य विभाग से भी किसी प्रकार की कोई अनुमति नही ली गई है। कहॉं कौन यह व्यवसाय बिना अनुमति के कर रहा है एवं किस के पास कौनसी डिग्री इसकी पुरी जानकारी विभाग को है उसके बाद भी इन मुन्ना भाईयों पर स्वास्थ्य विभाग के मेडिकल बाबा की असीम कृपा है जिसके चलते इन मुन्ना भाईयों का व्यवसाय फल फुल रहा है।

## नशा परिवार, समाज और राष्ट्र के लिए अभिशाप

**बैतूल। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद जिला चिचोली सेक्टर चुनाहजुरी ग्राम चुनागोसाई में नवांकुर योजना अंतर्गत है सागर ग्राम उत्थान एवं महिला बाल विकास समिति चिचोली के माध्यम से सेक्टर क्रमांक 3 के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायतों की ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के समस्त सदस्यों का एक दिवसीय क्षमता वर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।**

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य समिति के सदस्यों को शासन की योजनाओं, ग्राम विकास गतिविधियों तथा सामाजिक कार्यों में उनकी भूमिका के संबंध में जानकारी प्रदान करना था। कार्यक्रम में उपस्थित सदस्यों को ग्राम विकास, स्वच्छता, पर्यावरण



संरक्षण, नशा मुक्ति, जनभागीदारी तथा शासन की विभिन्न योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में मार्गदर्शन दिया गया। इस अवसर पर ब्लॉक समन्वयक राजू मांडवे की उपस्थित रहीं। उन्होंने नवांकुर योजना एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति की भूमिका पर विस्तार से जानकारी दी। मेंटर्स कमलेश लोखंडे, मदन मालवीय एवं श्री धोटे के मार्गदर्शन में पर्यावरण नशा मुक्ति एवं एवं प्रस्फुटन समितियां की दक्षता को बढ़ाने के लिए प्रशिक्षण दिया गया। इस मौके पर कमलेश लोखंडे ने कहा कि नशा परिवार, समाज और राष्ट्र के लिए अभिशाप है। ग्राम पंचायत के पंच महोदय एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए तथा समिति के सदस्यों को सक्रिय रूप से कार्य करने के लिए प्रेरित किया।